an>

Title: Need to replace all the faulty transformers installed in Bihar under Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदया, देशभर खासकर बिहार के जिस बांका संसदीय क्षेत्र से मैं आता हूं, वहां का सुपौल, सहरसा, मधेपुरा या कोई भी इलाका हो, राजीव गांधी विद्युतीकरण की 10वीं और 11वीं योजना के तहत भारत सरकार द्वारा जितनी राशि भेजनी चाहिए उतनी राशि नहीं गई। आज बांका क्षेत्र में लगभग 500 से 700 ट्रांसफर जले हुए हैं। बिजली व्यवस्था सम्पूर्ण रूप से चरमराई हुई है। वहीं विश्व के 110 किलोमीटर के अद्वितीय मेले में लोग सुलतानगंज से बाबा देवघर की नगरी झारखंड तक पांव पैदल जाते हैं। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत ट्रांसफार्मर्स द्वारा बिजली की जो व्यवस्था की गई है, वे ट्रांसफार्मर्स जले हुए हैं। अभी बेलहर में एक हादसा हुआ और कमरिया की मौत भी हुई। बिहार सरकार और भारत सरकार मिलकर उन इलाकों में बिजली की व्यवस्था करे और भागलपुर का बांका जिला, मुंगेर, जमुई, लक्ष्मीसराय का इलाका और जो कोसी का इलाका है, उन इलाकों में बिजली की व्यवस्था सरकार समुचित रूप से करे। बांका, बाराहाट, बौंसी, कटोरिया, बोलीडुमर, सुलतानगंज, अमरपुर, समूगंज, बेलहर, चांदन आदि के लिए हम चाहते हैं कि केन्द्र सरकार राशि आबंटित करे और ट्रांसफार्मर्स की व्यवस्था भारत सरकार राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत यहां से करे, तभी वहां बिजली की व्यवस्था अच्छी हो सकती है। इसीलिए हमने यह आग्रह किया है कि बांका जिला में उक्त व्यवस्था की जाए।